# सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र
# कोलकाता, पश्चिम बंगाल

(विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान,
प्रौद्योगिकी भवन, नया मेहरौली मार्ग, नई दिल्ली 110016)

**सं. : एसएनबी/विज्ञापन/2020-21/006** **दिनांक : 21 दिसंबर, 2020**

## निदेशक की नियुक्ति हेतु आवेदन/ नामांकन

सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र, कोलकाता की स्थापना एक स्वायत्त संस्थान के रूप में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा की गई थी। केंद्र में सैद्धांतिक, कंप्यूटेशनल और प्रायोगिक क्षेत्रों में भौतिकी, रासायनिक और गणितीय विज्ञान पर अनुसंधान गतिविधियां की जाती हैं। केंद्र में अनुप्रयोग संभाव्य क्षेत्रों सहित मौलिक विज्ञान के चयनित क्षेत्रों में अत्याधुनिक अनुसंधान किए जाते हैं, अनुसंधान एवं विकास आधारित मानव क्षमता को मजबूती प्रदान करने हेतु उन्नत क्षेत्रों में छात्रों को प्रशिक्षित किए जाते हैं। हाल ही में केंद्र अनुवाद अनुसंधान गतिविधियों और स्टार्ट-अप तथा उद्योगों के साथ मजबूत सहयोग स्थापित करने में भी लगा हुआ है। केंद्र में पीएच.डी. (पोस्ट एम.एससी.), इंटीग्रेटेड पीएच.डी. (पोस्ट बी.एससी.) और पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान कार्यक्रम चलाए जाते हैं। (हमारे वेबसाइट का अवलोकन करें : http://newweb.bose.res.in)।

सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र के **निदेशक** पद के लिए भारतीय मूल के अत्यधिक अभिप्रेरित और उर्जावान वैज्ञानिकों/ प्रख्यात शिक्षाविदों से नामांकन/ आवेदन आमंत्रित करता है। आदर्श उम्मीदवार इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका के निर्वाहन करने वाला होगा जो मौलिक और अंतःविषय विज्ञान के क्षेत्र में पर्याप्त अनुभव और उपलब्धियों के साथ अपने अनुसंधान और शैक्षणिक विषयों के प्रति समर्पित हो साथ ही एक संस्था के लिए एक स्पष्ट दृष्टि वाला होना चाहिए।

निदेशक की नियुक्ति, खोज-सह-चयन समिति द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद की जाएगी। खोज-सह-चयन समिति इस विज्ञापन के जवाब में प्रख्यात शैक्षणिक व्यक्तियों जैसे कि प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों के अध्येताओं, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के निदेशकों, विश्वविद्यालयों के उप-कुलपतियों आदि से प्राप्त नामांकन के साथ-साथ प्राप्त आवेदनों पर विचार करेगी।

**क. पद का नाम** : निदेशक

**ख. वेतनमान** : वेतन स्तर : केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार 7वीं सीपीसी में 17 (मूल वोतन- रु. 2,25,000/-) भत्तों के साथ।

**ग. <u>भर्ती की पद्धति :</u>** निदेशक पद हेतु भर्ती निम्नलिखित विधि(यों) में से किसी के द्वारा किया जाएगा :

(क) सीधी भर्ती

(ख) प्रतिनियुक्ति के आधार पर, अल्पकालिक अनुबंध सहित

(ग) पुनर्नियोजन

**घ. <u>कार्यकाल:</u>** 3 से 5 वर्ष के लिए अथवा भारत सरकार के अनुदेशानुसार सेवानिवृत्ति की आयु (वर्तमान में 60 वर्ष तक) प्राप्त करने तक, इनमें से जो भी पहले हो।

**ङ. <u>परिवीक्षा अवधि</u>** : एक वर्ष

**च. <u>आयु सीमा:</u>** 56 वर्ष से अधिक नहीं, आयु सीमा निर्धारित करने की निर्णायक तिथि 01 जूलाई, 2020 होगी।

**छ. <u>शैक्षणिक व अन्य योग्यताएं</u> :**

**आवश्यक योग्यता :** भौतिकी, रसायन अथवा गणित विज्ञान के किसी भी शाखा में डॉक्टरेट।

**वांछनीय योग्यता :**

**(i)** पोस्ट-डॉक्टोरल रिसर्च

**(ii)** उच्च स्तरीय मूल प्रकाशित कार्य

**(iii)** मान्यता के रूप में अत्यधिक प्रोफ़ेशनल एमिनेंस के प्रमाण जैसे कि अकादमियों की फेलोशिप, विज्ञान में राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार आदि।

**(iv)** प्रमुख अनुसंधान परियोजनाओं के प्रबंधन में अनुभव

**ज. <u>सीधी भर्ती हेतु आवश्यक अनुभव</u> :**

(क) संकाय के रूप में औद्योगिक एवं शैक्षिक संस्थानों और/ अथवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों में/ मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों/ अनुसंधान संस्थानों/ कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास लैब इत्यादि में वैज्ञानिक रूप से कम से कम 25 वर्षों का शोध अनुभव हो, जिसमें से किसी अनुसंधान समूह में वरिष्ठ प्रबंधन पद पर, संस्थान के बाहर समितियों की अध्यक्षता/ विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों के लिए प्रशासनिक क्षमता, योजना एवं विकास, बजट एवं वित्त, संयोजन और उक्त प्रकार के संगठनात्मक मामलों में कम से कम 6 वर्षों का अनुभव होना चाहिए।

(ख) विज्ञान की किसी भी शाखा में अनुसंधान एवं विकास कार्यों का अनुभव, विशेष रूप से भौतिकी, रसायन विज्ञान अथवा गणित के क्षेत्र में हो।

**प्रतिनियुक्ति/ अनुबंध पर भर्ती हेतु पात्रता मानदंड**

भारत में केंद्र/ राज्य सरकार/ विश्वविद्यालयों/ मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों/ अर्ध-सरकारी, वैधानिक या स्वायत्त संगठनों में कार्यरत वैज्ञानिकों या प्रौद्योगिकीविदों,

(क) (i) अनुरूप पद धारण करना; या

(ii) 7वीं सीपीसी के अनुसार वेतन स्तर 16 में भुगतान करने वाली पद में 1 वर्ष की नियमित सेवा के साथ [रु. 75500 - 80000 ग्रेड (एचएजी+) या समकक्ष (6 वां सीपीसी) का वेतन बैंड]; या

(iii) 7वीं सीपीसी के अनुसार वेतन स्तर 15 में भुगतान करने वाली पद में 3 वर्ष की नियमित सेवा के साथ [रु. 67000 - 79000 (एचएजी) या समकक्ष (6 वां सीपीसी) का वेतन बैंड]; या

(iv) 7वीं सीपीसी के अनुसार वेतन स्तर 14 में भुगतान करने वाली पद में 7 वर्ष की नियमित सेवा के साथ [रु. 37400 - 67000 + रु. 10,000/- का ग्रेड वेतन या समकक्ष (6 वां सीपीसी) का वेतन बैंड]; और

(ख) उपर्युक्त परिच्छेद 'छ' में वर्णित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और परिच्छेद 'ज' में आवश्यक अनुभव को पुरा करते हुए।

**झ. कार्य विवरण** :

केंद्र का समग्र प्रशासनिक नियंत्रण निदेशक के पास होगा एवं वे केंद्र द्वारा किए गए अनुसंधान के विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रासंगिकता के अनुसंधान कार्यक्रमों और परियोजनाओं के विनिर्धारण में केंद्र का उच्च-स्तरीय नेतृत्व प्रदान करेंगे। वे केंद्र के वैज्ञानिकों को उत्साहित और प्रेरित करने; रचनात्मकता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने तथा केंद्र के सामंजस्यपूर्ण कार्य के लिए अनुकूल माहौल बनाने का कार्य करेंगे। वे केंद्र द्वारा किए गए अनुसंधान के डोमेन क्षेत्र के साथ काम करने वाले राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय, शैक्षणिक और प्रोफ़ेशनल संस्थानों और विशेषज्ञों के साथ परस्पर संवाद एवं घनिष्ठ संबंध स्थापित करेंगे और केंद्र के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु बहु-अनुशासनात्मक और बहु-संस्थागत सहयोग सुनिश्चित करेंगे।

**ञ. आवेदन/ नामांकन प्रक्रिया** :

नीचे दिए गए **प्रारूप I और II** में सादे कागज पर टाइप किए गए **आवेदन** को पोस्ट द्वारा **"कुलसचिव, सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र, ब्लॉक- जे. डी., सेक्टर- III, सॉल्ट लेक, कोलकाता- 700106"** को भेजा जाना चाहिए, जो **15 फरवरी 2021 तक** इस पते पर पहुंच सकें।

**नामित** करने के मामले में, एक उम्मीदवार को पद के लिए नामित करने हेतु विद्वान वैज्ञानिक द्वारा सिफारिशों के साथ उम्मीदवार के आवेदन को पोस्ट द्वारा अग्रेषित किया जा सकता हैं जोकि **03 फरवरी 2021 तक** उपरोक्त पते पर पहुंच सकें।

असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मु-कश्मीर राज्य के लद्दाख क्षेत्र, लाहौल और स्पीति जिला तथा हिमाचल प्रदेश के चांभा जिले के पंगी उपखंड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तथा लक्ष्यद्वीप के उम्मीदवारों लिए आवेदन (नामांकन समेत) प्राप्त करने की अंतिम तिथि **18 फरवरी, 2021** है।

सरकारी विभागों, स्वायत्त संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को उचित चैनल के माध्यम से अपने आवेदन भेजने की व्यवस्था करनी चाहिए। इस आवश्यकता का अनुपालन नहीं होने पर आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जाएगा। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र/ कैडर क्लीयरेंस, सतर्कता/ सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी। हालाँकि, वे एक अग्रिम प्रति भेज सकते हैं ताकि उपरोक्त समय-सीमा को पूरा किया जा सके। उम्मीदवार स्पष्ट रूप से नियुक्ति के पसंदीदा मोड को या तो सीधी भर्ती द्वारा या प्रतिनियुक्ति या इन दोनों में से एक को निर्दिष्ट कर सकते हैं। सीधी भर्ती के आधार पर नियुक्ति के मामले में, चयनित उम्मीदवार को मूल संगठन में अपने मूल पद से तकनीकी रूप से इस्तीफे के लिए सहमति प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी।

योग्यता और अनुभव के समर्थन में प्रमाण पत्र की विधिवत सत्यापित फोटोकॉपी आवेदन के साथ भेजा जाना चाहिए। कृपया मूल प्रति न भेजें।

आवेदन के लिफ़ाफ़े पर **"निदेशक पद हेतु आवेदन, सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र, कोलकाता"** अवश्य लिखा होना चाहिए।

**कुलसचिव**
**सत्येंद्र नाथ बसु राष्ट्रीय मौलिक विज्ञान केंद्र**

# प्रारूप - I

(आवेदन)

फोटो

1. नाम
2. वर्तमान पद
3. पत्राचार का पता
4. ई-मेल पता
5. फ़ोन नं. (मोबाइल & लैंडलाइन)
6. जन्म-तिथि
7. स्थायी पता
8. शैक्षिक योग्यता, स्नातक से उत्तीर्ण हुई परीक्षाओं को कालानुक्रमिक रूप से दर्शाएं
9. 7वीं सीपीसी के अनुसार वर्तमान वेतन स्तर
10. अनुभव
11. प्रकाशनों की सूची
12. आवेदन की तिथि तक प्राप्त प्रतिष्ठित अकादमियों के पुरस्कार/ मान्यता/ फैलोशिप, प्रशस्ति, ज-अनुक्रमणिका आदि का विवरण
13. कार्यान्वित परियोजनाओं का विवरण (पूर्ण/ जारी)
14. कोई अन्य सूचना
15. घोषणा :

    मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/ करती हूँ कि मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार इस आवेदन में प्रस्तुत सभी विवरण/ ब्यौरे, सत्य और सही है। मैंने किसी भी प्रकार के तथ्य को नहीं छुपाया है। मैं यह भी घोषणा करता/ करती हूँ और स्वीकार करता/ करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सूचना यदि किसी भी स्थिति में असत्य अथवा अनुचित पाई जाती है तो मेरी सेवाएं बिना किसी नोटिस के तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकती है। मैं ऐसी किसी भी परिस्थिति से अवगत नहीं हूँ जो सरकार के अधीन इस रोजगार के लिए मेरी फिटनेस को अशक्त साबित करता हो।

उम्मीदवार का हस्ताक्षर

दिनांक:

# प्रारूप - II

(संक्षिप्त शैक्षिक अभिलेख हेतु )

(एकल रिक्ति में 12 आकार के फ़ॉन्ट में A4 आकार के 2-पृष्ठ से अधिक नहीं)

1. नाम और पता
2. जन्म तिथि/ आयु 01.07.2020 के अनुसार
3. योग्यता (डिग्री, संस्थान और वर्ष का विवरण)
4. वर्तमान पद, वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन/ वेतन स्तर
5. अनुभव (उस पद, संस्था और तिथियों को इंगित करें जिस दौरान प्रत्येक पद धारण किया गया; अलग से यह भी इंगित करें (क) पीएचडी सहित स्नातकोत्तर के बाद अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में अनुभव के कुल वर्षों की संख्या (ख) अन्य अनुभव के वर्षों की कुल संख्या)
6. प्रकाशनों की कुल संख्या
7. सम्मान एवं पुरस्कार
8. राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अकादमियों की फैलोशिप, प्रोफ़ेशनल सोसाइटी की सदस्यता
9. अतिरिक्त प्रासंगिक जानकारी, यदि हो

दिनांक : 	उम्मीदवार का हस्ताक्षर